अलवर में आम आदमी पार्टी पंचायत चुनाव लड़ेगी

अलवर। आम आदमी पार्टी अलवर जिले में आगामी पंचायती राज चुनाव लड़ेगी। सभी 11 पंचायत समितियों और जिला परिषद के सभी 262 वार्डों में पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी। नगर निकाय चुनाव में उतरी आप के प्रदेशभर में 42 पार्षद जीते हैं।'आप के जिलाध्यक्ष जगन्नाथ गोयल और जिला चुनाव प्रभारी शरद मिश्रा ने कहा- दोनों पार्टियां विकास के मुद्दों पर जनता की उम्मीदों पर खरे उतरने में नाकाम रही हैं। उनके वादे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। इसके विपरीत आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी के मोर्चे पर किए विकास कार्यों के अपने दिल्ली मॉडल को जनता के सामने रखा है।

चुनावी तैयारियों के बीच आम आदमी पार्टी ने पहल की है। राजस्थान में चुनाव लडऩे के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए कोड जारी किया गया है। चुनाव लडऩे के इच्छुक लोग क्तक्र कोड को स्कैन कर सीधे दावेदारी पेश कर सकते हैं।

अलवर को मिली सड़क कार्यों से लेकर ट्रेन ठहराव की सौगातें

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अलवर विभिन्न सौगातें दी।

- जिले में रेल एवं सडक सहित आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने किए जा रहे हैं सार्थक प्रयास : केंद्रीय वन मंत्री यादव
- सरकार द्वारा सडक़ सहित विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों को दी जा रही है गति : वन राज्यमंत्री शर्मा

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को विभिन्न सौगातें दी, जिसमें20 करोड रूपये की लागत से निर्मित होने वाली 18 किमी लम्बाई की कुशालगढ से थैंक्यू बोर्ड सडक का शिलान्यास एवं अलवर शहर में 1.20 करोड रूपये की लागत की 4 किमी लम्बाई की प्रतापबंध तिराया से मांच का तिराया तक निर्मित सडक का लोकार्पण किया तथा मालाखेडा रेलवे स्टेशन पर जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव के शुभारम्भ कार्यक्रम में शिरकत कर ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा चहुंमुखी विकास को प्राथमिकता में रखते हुए जिले में सडक़ नेटवर्क मजबूत करने की दिशा में निरन्तर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर सडक़ कनेक्टिविटी से आमजन एवं श्रृद्धालुओं के आवागमन को सुगमता होने के साथ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच बेहतर संपर्क मजबूत होता है। इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने के साथ-साथ सरिस्का में ट्ययूरिज्म बढेगा, जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि भर्तृहरि धाम के विकास के साथ पाण्डुपोल हनुमान जी मंदिर व नीलकंठ महादेव मंदिर में आवागमन हेतु सडक निर्माण कार्य हो या सिलीसेढ झील को रामसर साइट का दर्जा देने जैसे कार्यों को आगे बढाया जा रहा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र के नेतृत्व में अमृत भारत योजना के तहत अलवर में अलवर, राजगढ, गोविन्दगढ, खैरथल, खेडली रेलवे स्टेशनों का विकास कर यात्रियों की सुविधाओं में विस्तार करते हुए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही है। इसी प्रकार खैरथल, अलवर, राजगढ रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव कराया गया है। उन्होंने कहा कि न केवल अलवर के कर्णपुरा रेलवे स्टेशन को बचाया गया है बल्कि वहां अब डबल मंजिल का नया रेलवे स्टेशन भी तैयार हो रहा है। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अलवर जिले के सर्वांगीण विकास करने के साथ-साथ आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सडक़, रेल सहित विभिन्न आधारभूत विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रताप बांध तिराहा से मांच का तिराहा सडक़ के लोकार्पण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

सार-समाचार

कालाडेरा में आंगनबाड़ी मिलन सेवा समारोह आयोजित

चौमूं / कालाडेरा । कालाडेरा कस्बे के बस स्टैंड के पास स्थित संस्कृत स्कूल में आंगनबाड़ी केन्द्र पर आंगनबाड़ी मिलन सेवा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्तिक चारण के सानिध्य में महिला पर्यवेक्षक ममता चौधरी के द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष महिला मोर्चा राखी राठौड़ द्वारा कार्यकर्ता, सहापित व आशा सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र व तुलसी का पौधा देशर सम्मानित किया गया। और राखी राठौड़ ने आशा सहयोगियों के द्वारा किए जा रहे कार्यो की सहारना की। कार्यकम में गर्भवती महिलाओ की गोद भराई व बच्चों का अन्नप्रासन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद - गजेन्द्र बुनकर, विष्णु सेन, कार्यकर्ता- कविता मिश्रा , नीलम रावत सुमिता, रेणु योगी व अन्य उपस्थित रहे।

फुलेरा पालिकाध्यक्ष राजू दाधीच ने वार्डवासियों का आभार जताया

फुलेरा। नगरपालिका अध्यक्ष व वार्ड 24 के पार्षद राजू दाधीच ने रविवार को राधा गोविंद मंदिर में धोक लगाकर वार्डवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वार्ड 24 के लोगों के आशीर्वाद से उन्हें पालिकाध्यक्ष बनने का अवसर मिला है। वार्ड की प्रमुख समस्याओं के समाधान के साथ पूरे नगरपालिका क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता रहेगा। इस दौरान मंदिर विकास समिति, महादेव मंडल, रोटी बैंक सहित विभिन्न संगठनों और आमजन ने ढोल-नगाड़ों के साथ दाधीच का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। दाधीच ने घर-घर जाकर वार्डवासियों का धन्यवाद किया और मिठाई बांटी। कार्यक्रम में पं. रामावतार दाधीच, पूर्व पार्षद हरजीत सिंह, महेश सोनी, विद्यासागर जोशी, श्रीराम विजयवर्गीय, जगदीश सैनी, जयप्रकाश शर्मा, भैरुप्रसाद शर्मा, श्यामसुंदर सैनी, राजेंद्र सोनी, मंगल सैनी, मन्नी सिंधी, दीनदयाल दाधीच, श्याम विजयवर्गीय, देवकीनंदन सोनी, अजय विजयवर्गीय, गणेश सोनी, मुरारीलाल सिंवाल, नीलू महाराज, भानूप्रताप सिंह, आदित्य दाधीच, मनमोहन सिंह, धनश्याम पडिहार, विजय जांगिड़, तनिष्क गौड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गौसेवा कर जन्मदिन मनाया

पावटा। जन्मदिन को सामाजिक सरोकार और राजनीतिक मेल-मिलाप का अवसर बनाते हुए एक युवा पावटा निवासी राहुल खंडेलवाल ने पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर के सान्निध्य में पावटा स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गौसेवा कर अपना जन्मदिन मनाया।

कोटपूतली में तीन दिवसीय आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

कोटपूतली। विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत जिले में 25 से 27 सितंबर तक 03 दिवसीय आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से आयोजित किया गया। इसके तहत जिले के 1263 आंगनबाड़ी केंद्रों पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान समस्त मानदेय कार्मिकों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा सहयोगिनी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। मानदेय कार्मिकों के कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री की ओर से प्राप्त प्रशंसा पत्र एवं प्लांटर प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम उपनिदेशक तेजप्रकाश अग्निहोत्री के निर्देशन में राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें मानदेय कार्मिकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान सुरज्ञान यादव, देवीराम मीणा, गिरिराज यादव, राजेन्द्र यादव, अखिलेश शर्मा, शीशराम यादव समेत अन्य मौजूद रहें। अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप सेवाओं को प्रभावी ढ़ंग से आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया।

कस्बे के वार्ड नं. 04 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद सभापति कमल सैनी ने सरस्वती वंदना एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंतर कंवर ने सभापति कमल सैनी सहित अमित सैनी एवं महेश सैनी का स्वागत किया। सभापति कमल सैनी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंतर कंवर, सहायिका रीना सैनी एवं आशा सहयोगिनी पूजा सैनी का सम्मान किया।

सांभर में ट्रिपल इंजन की सरकार विकास का इतिहास रचेगी : चेयरमैन

सांभर में भाजपा के विजय जुलूस में जनसैलाब उमड़ा ।

सांभरझील। चेयरमैन पवन मोदी मैंने कहा कि आगामी सालों में भारतीय जनता पार्टी की स्थानीय सरकार ने सांभर को विकास की दृष्टि से अग्रणी स्थान दिलाने के लिए जो संकल्प लिया है उसे पूरा करके क्षेत्र की जनता के विश्वास को कायम रखेंगे। सांभर को विकास की दृष्टि से प्रदेश की समस्त निकायों में अग्रणी स्थान दिलाने का हमारा प्रयास सफल होगा। सांसद राव राजेंद्र सिंह का सांभर के प्रति गहरा लगाव और हमें दिए गए उनके आशीर्वाद से सांभर की तमाम मूलभूत समस्याएं जो लंबे समय से व्याप्त थी उनका पूरी तरह से निराकरण करवाया जाएगा। चेयरमैन पवन मोदी के ऊर्जावान उद्बोधन से मंच पर बैठे सांसद राव राजेंद्र सिंह, जिला स्तर के पदाधिकारी अभिभूत हो गए।

चैयरमेन मोदी ने यह भी कहा कि क्षेत्र की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर अपना भरोसा रखा है और हम सदैव उनके कृतज्ञ रहेंगे। भाजपा का बोर्ड बनवाने में निर्वाचित पार्षदों व अन्य के मिले समर्थन के बाद प्रदेश और केंद्र में अब ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति से अपने काम को अंजाम देगी, आने वाले कुछ माह में ही इसके रिजल्ट दिखना शुरू हो जाएंगे। सांभर में लंबे समय से विचाराधीन पड़ी 4 करोड़ से अधिक की पेयजल परियोजना का काम भी शीघ्र ही पूरा होगा जिससे पेयजल की किल्लत जड़ से समाप्त हो जाएगी, क्योंकि बीसलपुर परियोजना की नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा होने को है यह दोनों ही प्रोजेक्ट सांभर के लिए अमृत का काम करेंगे। सांसद राव राजेंद्र सिंह का सांभर में ट्रेन ठहराव के लिए उनका अध्यक्ष पवन मोदी व उनकी टीम की तरफ से तहे दिल से शुक्रिया अदा किया गया।

रविवार को नवनिर्वाचित पार्षदों के सम्मान समारोह में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत कुमावत में भी अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा का बोर्ड बनने पर क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी व निर्दलीय पार्षदों के अलावा बलाई समाज के युवा कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके पश्चात भाजपा का विजय जुलूस को सांसद में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांभर के प्रमुख मार्गो से निकली जहां जगह-जगह लोगों ने नवनिर्वाचित चेयरमेन व सहित सभी पार्षदों का पुष्प वर्षा से भव्य अभिनंदन किया।

पर्यटन के महत्व को लेकर कार्यक्रम आयोजित

मनोहरपुर। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पूरे विश्व में पर्यटन के महत्व को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1980 में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने की थी। इसका उद्देश्य दुनियाभर में पर्यटन के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।

कांग्रेस नेता नदीम पठान ने कहा कि पर्यटन सिर्फ घूमना नहीं है, यह एक दूसरे की संस्कृति को समझना है। यात्रा करने से मानसिक तनाव कम होता है और स्वास्थ्य बेहतर होता है। पठान ने कहा कि राजस्थान तो पर्यटन की धरती है। जयपुर, आमेर, मनोहरपुर के आसपास के किले और यहां की संस्कृति पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। पर्यटन से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। मजदूर नेता अज़ीज़ हबीब कल्लू लोहानी ने कहा कि पर्यटन उद्योग से मजदूर वर्ग को भी बड़ा फायदा होता है, एच के लोहानी वेलफेयर सोसायटी के संचालक जाफर लोहानी ने कहा कि हमें अपने गांव, अपने शहर की खूबसूरती को साफ-सुथरा रखना चाहिए, क्योंकि हर अतिथि देवो भव: की भावना से ही पर्यटन बढ़ता है।

किशनगढ़बास में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आयोजित

किशनगढ़ बास में बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक दीपचंद खेरिया।

- विधानसभा चुनाव प्रभारी देव कसाना ने कहा नगर निकाय में तानाशाही से बोर्ड छीना, अब पंचायत में हिसाब बराबर करेगी कांग्रेस

किशनगढ़बास। नगर निकाय चुनाव की हार का बदला अब पंचायती राज चुनाव में लिया जाएगा। इसी संकल्प के साथ किशनगढ़बास में कांग्रेस ने जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के लिए बिगुल फूंक दिया है। रविवार को जाटका रोड स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक दीपचंद खैरिया के नेतृत्व में संगठनात्मक बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला।

विधायक के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि बैठक में आगामी जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के बायोडाटा लिए गए। बैठक में किशनगढ़बास विधानसभा प्रभारी देव कसाना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी देव कसाना ने कहा कि सरकार भाजपा की है, फिर भी खैरथल नगर परिषद में जनता ने कांग्रेस को सबसे बड़ी पार्टी बनाया, लेकिन भाजपा ने तानाशाही कर जोड़-तोड़ से अपना बोर्ड बना लिया।

विधायक दीपचंद खैरिया ने कहा कि सभी एकजुट होकर काम करें। टिकट मांगने बहुत लोग आ रहे हैं, लेकिन टिकट एक ही आदमी को मिलेगा।कई कमेटियों द्वारा सर्वे कराकर टिकट वितरण किया जाएगा, लेकिन टिकट मिलने के बाद सभी को पार्टी हित में एकजुट होना पड़ेगा।

इस मौके पर पीसीसी महासचिव अजीत यादव, पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा, प्रधान बद्री प्रसाद सुमन, किशनगढ़बास ब्लॉक अध्यक्ष संदीप पाटिल, कोटकासिम ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रसाद गुर्जर, खैरथल शहर अध्यक्ष शिवचरण गुप्ता, किसान नेता जसवंत यादव ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष संस्कार अग्रवाल, हाजी सुब्बा खां, पूर्व सरपंच नूर मोहम्मद हल्लू, मंडल अध्यक्ष किशनचंद, दशरथ राठौर, दीपक चौधरी, सतीश यादव, कृषि उपज मंडी पूर्व अध्यक्ष घीसाराम बड़ाना, एडवोकेट सूरजभान भड़ाना, नवीन खैरिया, पार्षद सुनील सांवरिया, पार्षद प्रदीप कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दौसा में अस्पतालों के आसपास होटल, ढाबों, दुकानों का निरीक्षण

- दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर 40 किलो एक्सपायरी सामग्री नष्ट करवाई

दौसा (निसं.)। जिले में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान आज से शुरू हुआ। अभियान के पहले दिन खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने राजकीय अस्पताल दौसा की कैंटीन, अस्पताल के बाहर तथा राजधानी हॉस्पिटल के आसपास स्थित रेस्टोरेंट, ढाबों, दुकानों एवं ठेलों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए तथा गंदगी मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठानों को सुधार नोटिस जारी किए गए। वहीं, करीब 40 किलो एक्सपायरी खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार सैनी ने बताया कि पहले दिन राजकीय अस्पताल दौसा की कैंटीन, अस्पताल के बाहर तथा राजधानी हॉस्पिटल के आसपास स्थित रेस्टोरेंट, खाने के ढाबों, दुकानों एवं ठेलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। गंदगी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों को इंप्रूवमेंट नोटिस दिए गए।

उन्होंने बताया कि मनोहर चाय वाले एवं अस्पताल के बाहर स्थित तनु जनरल स्टोर से करीब 40 किलो एक्सपायरी खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई। साथ ही खाद्य विक्रेताओं को साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए। खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सभी खाद्य विक्रेताओं को खाद्य सामग्री ढककर रखने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, किसी भी खाद्य पदार्थ को अखबार में लपेटकर नहीं रखने तथा खाद्य लाइसेंस दुकान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत 30 सितंबर तक जिले के अस्पतालों एवं उनके आसपास संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान फूड कैटर्स, खुदरा एवं थोक खाद्य विक्रेताओं की नियमित जांच एवं नमूनीकरण का कार्य किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार सैनी, प्रकाश चंद सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, सुमित्रा कुमारी जाट, मीना सिंघल एवं रामोतार बैरवा उपस्थित रहे।

समाजसेवी कल्लूमल लख्याणी का देहांत

किशनगढ़ बास। मोठूका किशनगढ़बास की धरती ने रविवार सुबह अपना एक अनमोल रत्न खो दिया। मोठूका के पूर्व सरपंच, उद्योगपति और समाजसेवी कल्लूमल लख्याणी (90) का सुबह करीब सात बजे अचानक तबीयत बिगड़ने से देहांत हो गया।

उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे किशनगढ़बास, मोठूका और व्यापार जगत में शोक की लहर दौड़ गई।उनकी अंतिम यात्रा सायं 5 बजे उनके निजी निवास स्थान से शुरू होकर गांव के मोक्षधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। 90 वर्षीय कल्लूमल लख्याणी का जीवन सरपंच से लेकर सफल उद्योगपति तक का उनका सफर आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है।

मोरल डेम प्रदूषण की समस्या को लेकर किसानो की महापंचायत

बौंली -बामनवास। क्षेत्र के बरनाला तहसील अंतर्गत ग्राम रामसिंह पूरा चौकी केपास खुली नहर एवं मोरल डैम प्रदूषण की समस्या को लेकर किसानों की एक महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत के दौरान ईसरदा बंध तक पानी खुली नहर के बजाय पाइपलाइन से पहुंचाया जाए जिससे किसानों की भूमि उनके स्वयं कार्य में आ सके। महापंचायत के दौरान मोरेल डेम में जयपुर के फैक्ट्रियों व अन्य केमिकलयक्त पानी को मोरल डैम में जाने से रोकने के स्थाई समाधान करने की मांग की। किसान महापंचायत के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यपाल जाट,कांजी मीणा सहित अनेको किसान नेताओं ने महापंचायत के दौरान अपने विचार व्यक्त किए।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

टोंक। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोरी एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला अध्यक्ष सऊद सईदी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय स्थित गांधी पार्क में 29 को बजे धरना देकर घंटाघर चौराहा के पास स्थित निर्वाचन कार्यालय के बाहर ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी, सांसद, विधायक,, पीसीसी सदस्य, विधानसभा प्रभारी गण व पदाधिकारी तथा जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, नगर परिषद पालिका के सभापति, प्रधान, अग्रिम संगठन प्रकोष्ठ विभागों के अध्यक्ष मंडल, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य पार्षद गण तथा समस्त कांग्रेसजन भाग लेंगे।

'खेलो राजस्थान अभियान, एक जन-आंदोलन'

चौमूं / कालाडेरा । राजस्थान में खेल केवल एक प्रतियोगिता नहीं हैं, बल्कि यह हमारे जीवन का अनुशासन, हमारी ऊर्जा और एक स्वस्थ समाज की नींव हैं। इसी भावना के साथ खेलो राजस्थान अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को जोड़ना और प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। अभियान के चार चरण (स्तर)

यह अभियान विभिन्न चरणों और स्तरों पर आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण (पंचायत स्तर) ग्रामीण और जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए प्रतियोगिताओं की शुरुआत। द्वितीय चरण (ब्लॉक स्तर) पंचायत स्तर पर चयनित खिलाड़ियों के बीच ब्लॉक स्तर पर मुकाबले।

तृतीय चरण (जिला स्तर) ब्लॉक स्तर के विजेताओं के बीच जिला स्तर पर प्रतिस्पर्धा। चतुर्थ चरण (राज्य स्तर) जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का महाकुंभ, जहाँ राज्य स्तर पर विजेता तय होते हैं। शामिल 12 खेल (चरणवार) इस अभियान में नागरिकों के लिए कुल 12 खेलों को शामिल किया गया है। पहला चरण वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, रस्साकशी और तीरंदाजी।

तीसरा चरण खो-खो, कुश्ती, बास्केटबॉल और हमारा पारंपरिक खेल सातोलिया। मानसिक स्वास्थ्य और खेल आज की तेज जीवनशैली, पढ़ाई और प्रतिस्पर्धा के दौर में तनाव और अकेलेपन जैसी चुनौतियाँ बढ़ रही हैं। ऐसे में खेल एक प्राकृतिक और सकारात्मक माध्यम हैं। नियमित शारीरिक गतिविधि मूड को बेहतर करती है और तनाव कम करती है।

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

भरतपुर में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पुलिस की मैराथन दौड़

खेल कार्यक्रमों के तहत पुलिस ने पांच किलोमीटर मैराथन दौड़ की।

- नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने तथा साइबर अपराध से बचाव का संदेश दिया

भरतपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित खेल कार्यक्रमों के तहत जिला पुलिस भरतपुर द्वारा आज 05 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं जवानों में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन एवं टीम भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ आमजन को स्वस्थ एवं नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहने का संदेश देना रहा। मैराथन का आयोजन जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर राजेश कुमार मीना, के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव, सीओ ट्रैफिक योगेश सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जवानों सहित अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मैराथन का शुभारंभ अतरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भरतपुर धर्मेंद्र कुमार यादव द्वारा यातायात सर्किल भरतपुर से मैराथन दौड़ को 'हरी झंडी' दिखाकर किया गया। प्रतिभागियों ने सारस चौराहा यूआईटीसर्किल सर्किट हाऊससर्किल मल्टीपरपज चौराहा मानसिंह सर्कल बिजली घर सर्किल होते हुए निर्धारित 05 किलोमीटर मार्ग पर दौड़ पूरी की तथा यातायात सर्किल भरतपुर पर मैराथन का समापन हुआ।

मैराथन के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साह एवं अनुशासन के साथ सहभागिता करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशे से दूर रहने और साइबर अपराधों से सतर्क रहने का संदेश आमजन तक पहुंचाया तथा मैराथन दौड़ के उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव द्वारा उपस्थित सभी पुलिस जवानों एवं प्रतिभागियों को साइबर अपराध जागरूकता की 'शपथ' दिलाई गई।

शपथ के माध्यम से सभी ने स्वयं साइबर अपराधों के प्रति सजग एवं सतर्क रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं आमजन को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

मैराथन के माध्यम सेजिला पुलिस द्वारा युवाओं एवं आमजन को नशे से दूर रहकर खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस विभाग द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पुलिस भरतपुर द्वारा आयोजित यह मैराथन स्वास्थ्य, अनुशासन, नशा-मुक्त जीवन, साइबर सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश देने वाली एक सार्थक पहल रही।

खोया पाया

मेरे मकान 1-त-10 जवाहर नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जापत्र, डिक्लेरेशन- जवाहर नगर में कहीं खो गए है, मिलने पर सूचित करें- अरविंद मित्तल 9892916666

PUBLIC NOTICE Under instructions from and on behalf of my client, M/s Shree Balaji Homes, notice is given that residential plot Khasra No. 661/654, 651/55 (3720.17 sq. mtrs.), Village Ganpatpura, Tehsil Sanganer, Jaipur, originally allotted to Shri Bhagwan Sahay Sulla S/o Shri Puran Mal Sulla vide JDA Patta dated 18.11.2025, has been sold to my client vide registered Sale Deed dated 18.02.2026 (Sub-Registrar, Jaipur-VII), and mutated in my client's name by JDA vide order dated 21.04.2026. Anyone having any right, claim or objection regarding the said property may contact the undersigned in writing, with proof, within 3 days of publication, failing which no claim shall be entertained and the transaction shall be treated as valid and final.

Suraj Bhan Choudhary, Advocate
Mobile : 7568492274

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या परवीन बानो पत्नी इदरीश निवासी प्लॉट नम्बर 34-ए, श्रीरामपुरी, निवारू रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान द्वारा मुश्ताक पुत्र शमसुद्दीन व्यापारी निवासी वार्ड संख्या 18, मोहल्ला व्यापारियान, सादुलपुर, राजगढ, जिला चरू, राजस्थान से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की सम्पति फ्लैट / यूनिट नम्बर जी-2 (ग्राउण्ड फ्लोर) " नेशनल एनक्लेव -5" प्लाट नम्बर 30 श्री रामपुरी निवारू रोड, जयपुर, राजस्थान मे स्थित है जिसका बिल्टअप एरिया 1200 वर्गफीट है को खरीद करने हेतु एच.डी. एफ.सी. बैंक लि. से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पति को बंधक रखना चाहती है। यह कि उक्त सम्पति को मुश्ताक ने एच.डी.एफ.सी. लि. के द्वारा कि गई निलामी मे जरिये रजिस्टर्ड सेल्स सेटिफिकेट के द्वारा दिनांक 03.08.2017 को खरीद किया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को मेरी अभिभाष्या परवीन बानो द्वारा के उक्त सम्पति के खरीद / बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।

जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक:-27.09.2026 मो.नं. 9829256466

राजस्थान आवासन मण्डल,
वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:-3709 दिनांक:-08/09/26

जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या R-28 TYPE-D (NRI), (एरिया 750.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती प्रतिभा गुप्ता पत्नी श्री विनोद कुमार गुप्ता को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 461 दिनांक 08.07.2009 को जारी किया गया। श्रीमती प्रतिभा गुप्ता के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 28.08.2009 को उप पंजीयक जयपुर-प्रथम के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती प्रतिभा गुप्ता द्वारा उक्त आवास को दिनांक 25.01.2021 के द्वारा 70 प्रतिशत हिस्सा 1. श्री यशपाल सारण पुत्र श्री बलवीर सिंह एवं 30 प्रतिशत 2. श्रीमती ललिता सारण पत्नी श्री यशपाल सारण को विक्रय कर उप पंजीयक- चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती ललिता सारण द्वारा उक्त आवास का 30 प्रतिशत हिस्से को दिनांक 08.07.2026 के द्वारा श्री यशपाल सारण पुत्र श्री बलवीर सिंह को उपहार कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां उपहार पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्री यशपाल सारण पुत्र श्री बलवीर सिंह द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास मे अपना नाम मण्डल रिकार्ड मे दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री यशपाल सारण पुत्र श्री बलवीर सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

(रजि. MSCS/CR/1202/2015) दि.10.03.2015)
सुचैत ग्रुप हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लि.
पंजीकृत कार्यालय:-फिरोजपुर रोड, अनाज मण्डी, मैमदुत-152023(पंजाब)
शाखा कार्यालय:- 111, बलाई के घर, वार्ड नं. 45, सिंवार, झोटवाडा, जयपुर-302012 (राज.)
क्रमांक: एसजीएचसीएल/2026/एसपी-1 दिनांक 14.09.2026

वार्षिक आम सभा का नोटिस

सुचैत ग्रुप हाउसिंग को-ऑपरेटिव रसोसायटी लि. के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.09.2026 को प्रातः 11:30 बजे सोसायटी के शाखा कार्यालय:- 111,बलाई के घर, वार्ड नं. 45 सिंवार, झोटवाडा, जयपुर-302012 (राज.) पर सोसायटी के सदस्यों की वार्षिक आमसभा आयोजित की जाएेगी जिसके विचारणीय विषय बिन्दू निम्नलिखितानुसार रहेंगें 1. सोसायटी की गत वार्षिक आमसभा की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार। 2. सोसायटी की कार्यकारिणी में लिये गये निर्णयों की पुष्टि पर विचार। 3. वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट के अनुमोदन पर विचार। 4. सोसायटी के वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2025-26 की ऑडिट रिपोर्ट एवं अंतिम लेखों की पुष्टि पर विचार। 5. सोसायटी के पंजीकृत पते में परिवर्तन करने बाबत् सोसायटी के उप नियमों में संशोधन करने पर विचार। 6. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से

नोट- कोरम के अभाव में स्थगित आम सभा उसी दिन दोपहर 12-30 बजे उसी स्थान पर पुनः आयोजित की जायेगी जिसमें विचारणीय विषय बिन्दु यथावत रहेंगे। आज्ञा से, अध्यक्ष

(रजि. नं. MSCS/CR/1234/2015 दि. 28.04.2015)
भव्यराज हाउसिंग मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि.
पंजीकृत कार्यालय : बी- 36, शिवपुरी, सदाशिव पथ, बुधसिंहपुरा, सांगानेर एयरपोर्ट के सामने, जयपुर-302029
शाखा कार्यालय : 8, गोपाल विहार, प्रताप नगर, टोंक रोड़, सांगानेर, जयपुर-302029 (राज.)
क्रमांक: बीएचएमएससीएल/जन./2026/एसपी-1 दिनांक 14.09.2026

वार्षिक आम सभा का नोटिस

भव्यराज हाउसिंग मल्टीस्टेट को ऑपरेटिव सोसायटी लि. जयपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.09.2026 को प्रातः 11:30 बजे सोसायटी के शाखा कार्यालयः 8, गोपालविहार, प्रताप नगर, टोंक रोड़, सांगानेर,जयपुर-302029 (राज) पर सोसायटी के सदस्यों की वार्षिक आमसभा आयोजित की जाएेगी जिसके विचारणीय विषय बिन्दू निम्न लिखितानुसार रहेंगें

1. सोसायटी की गत वार्षिक आमसभा की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार। 2. सोसायटी की कार्यकारिणी में लिये गये निर्णयों की पुष्टि पर विचार। 3. वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट के अनुमोदन पर विचार। 4. सोसायटी के वर्ष 2025-26 की ऑडिट रिपोर्ट की पुष्टि पर विचार। 5. सोसायटी के पंजीकृत पते में परिवर्तन करने बाबत् सोसायटी के उप नियमों में संशोधन करने पर विचार। 6. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से

नोट- कोरम के अभाव में स्थगित आम सभा उसी दिन दोपहर 12-30 बजे उसी स्थान पर पुनः आयोजित की जायेगी जिसमें विचारणीय विषय बिन्दु यथावत रहेंगे। आज्ञा से, अध्यक्ष